# कार्यालय प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा

पत्रांक 3789 / 14-1 आगरा : दिनांक : ~~11~~ 24, जनवरी 2023

सेवा में,

डिवीजनल इंजीनियर
भारत संचार निगम लि0
टैक्स भवन, आगरा।

विषय : जनपद आगरा में आगरा–जगनेर तांतपुर मार्ग के किमी0 चैनेज 205.00 से 220.273 के मध्य मार्ग की दांयी पटरी पर भारत संचार निगम लि0 आगरा द्वारा प्रस्तावित भूमिगत ऑप्टीकल फाइबर केबिल बिछाने हेतु 0.4762 हे0 संरक्षित वनभूमि के गैर वानिकी प्रयोग एवं बिना वृक्ष पातन की अनुमति के सम्बन्ध में।

संदर्भ : मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ का पत्रांक–2124/11–सी दिनांक 23.12.2022 एवं इस कार्यालय का पत्रांक–3262/14–1 दिनांक 26.12.2022 एवं 3553/14–1 दिनांक 12.01.2022

महोदय

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें जिनके द्वारा विषयगत प्रकरण में लगायी गयी आपत्तियों के तत्काल निस्तारण कर अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रेषित करने की अपेक्षा की गयी थी जो आपके द्वारा वर्तमान तक आपत्तियों का निस्तारण नहीं किया है।

अतः आपसे पुनः अपेक्षा की जाती है कि विषयगत प्रकरण में लगायी गयी आपत्तियों का तत्काल निस्तारण करायें तथा प्रस्ताव की मूल प्रतियॉ नोडल आफिस लखनऊ से प्राप्त कर इस कार्यालय को प्रेषित करें ताकि सशोधित प्रस्ताव पुनः उच्च स्तर को प्रेषित किया जा सके अन्यथा इसमें किसी भी विलम्ब के लिए आप उत्तरदायी होंगे।

भवदीय

(आदर्श कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।

पत्रांक 3789 / दिनांकित

प्रतिलिपि वन संरक्षक आगरा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(आदर्श कुमार)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग, आगरा।

Com-3/Draftman/Letter-19/319